

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

पिता की मौत के बाद मलाइका की पहली पोस्ट


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 162 ■ शुक्रवार, 13 सितंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


अंबरनाथ, उल्हासनगर, बदलापुर, जांभुल में

## आज बिजली 2 घंटे बंद रहेगी

■ उच्च दाब की लाइन पर किया जाएगा मरम्मत कार्य

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** महापारेषण के पड़घा से अंबरनाथ तक उच्च दाब की लाइन पर शुक्रवार सुबह 8 से 10 बजे तक टूटी हुई इन्सुलेटर स्ट्रिंग की मरम्मत का कार्य किया जाएगा. परिणामस्वरूप अंबरनाथ 100 केवी उपकेंद्र से एवं मोहने 100 केवी उपकेंद्र से होने वाली बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. इसलिए शुक्रवार को 8 से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति खंडित रहेगी. अंबरनाथ 100 केवी उपकेंद्र के चिखलोली, सर्वोदय नगर, वसद जांभुल, अंबेशिव, वडवली, लादी नाका, बुवापाड़ा, गणेश चौक, संघटन चौक, फारेस्ट नाका, हेंद्रे पाड़ा, बाजार पेठ, एरंजाड गांव, सोनिवली बारवी डैम, बदलापुर गांव, बेलवली, पवार सेक्शन,



चिखलोली पाड़ा, गणेश घाट, कात्रप गांव, आईटीआई, एमजेपी, एमआईडीसी उल्हासनगर-4, अंबरनाथ पूर्व, कानसाई गांव, भिडेवाड़ी, नवरेनगर, म्हाडा कालोनी, लोकनगरी, कैलाश नगर, महालक्ष्मी नगर, शिरगांव इन सभी परिसर की बिजली आपूर्ति सुबह 8 से 10 बजे तक बंद रहेगी. मोहने 100 केवी उपकेंद्र के गोवेली, सी ब्लॉक, उल्हासनगर कैम्प-1, 2, एमआईडीसी वाटर वर्क्स शहाड, मोहने, मांडा, आंबिवली आदि विभाग में भी बिजली आपूर्ति बंद रहेगी.

# काकरानी हत्या प्रकरण में दो गिरफ्तार

■ नेपाल भागते समय आरोपियों की गिरफ्तारी

■ 26 अगस्त को हुई थी हत्या

■ ड्राइवर मुकेश ने दो साथियों के साथ मिलकर की हत्या

■ हैदराबाद जेल में हुई थी तीनों आरोपियों की मुलाकात



मृतक रामचंद्र काकरानी एवं दूसरे चित्र में घटनास्थल पर जांच करती पुलिस



आरोपी मुकेश खूबचंदानी



आरोपी अनिल थापा

**उल्हासनगर।** करीब 15 दिनों पूर्व पेट्रोल पंप मालिक रामचंद्र काकरानी(75) का शव मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर उनकी कार में मिला था। वो 25 अगस्त की रात से लापता थे। नायगांव पुलिस ने जांच कर पाया कि 26 अगस्त को उल्हासनगर निवासी व काकरानी के ड्राइवर मुकेश खूबचंदानी ने राम काकरानी की लूट के इरादे से हत्या कर फरार हो गया हैं। इस हत्या प्रकरण में आरोपी मुकेश अपने साथियों के साथ कई दिनों तक फरार था। आखिरकार पुलिस को सफलता मिली और पुलिस ने मुख्य आरोपी मुकेश रुपचंदानी(58) व बोरीवली निवासी अनिल राजकुमार मल्ला उर्फ अनिल थापा यादव(55) इन दो आरोपियों को नेपाल भागते समय गिरफ्तार किया गया है। एक और आरोपी नेपाल निवासी रामलाल को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए मीरा-भाईंदर व वसई विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपियों को पकड़ा है। यह हत्या लूटपाट के इरादे से ही की गई थी ऐसी जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कल न्यायालय में पेश करेगी। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) व 140(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ज्ञात हो कि मुख्य आरोपी उल्हासनगर निवासी मुकेश खूबचंदानी पर विभिन्न पुलिस थानों में दर्जनों अपराध दर्ज हैं। जिसमें 6.8.2011 में बोरीवली स्टेशन पर बम की झूठी अफवाह, 4.1.2015 में गुटखा स्मगलिंग में भिवंडी में गिरफ्तार, 2020 में भोपाल में अपनी बहन के घर डकैती, 2023 में उल्हासनगर में फूड डिलीवरी बॉय बनकर लूट, 2023 में दिल्ली में लूट जैसे संगीन गुन्हा दाखिल है। इस हत्या में भी मुकेश ने लूट के इरादे से पहले प्लान बनाया और अपने साथी अनिल और रामलाल जो उसे हैदराबाद की जेल में मिले थे उनकी मदद से इस हत्या को अंजाम दिया। तीनों आरोपी हिस्ट्रीशीटर है। इन शातिर आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 6 टीमें बनाई थी और करीब 300 सीसीटीवी कैमरे की मदद से सुराग हासिल कर आखिरकार उन्हें गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

## अंबरनाथ राकांपा विद्यार्थी सेना अध्यक्ष की जान को खतरा

■ बलात्कार केस में गवाही देने पर आरोपी का परिवार बना जान का दुश्मन - अरबाज

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** गत दिनों अंबरनाथ में एक 11 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ था. इस अपराध में राष्ट्रवादी विद्यार्ती कांग्रेस के अध्यक्ष ने पीड़ित लड़की को न्याय दिलाने के लिए अरबाज कुरैशी ने पुलिस में गवाही दी थी. इस केस में कुछ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं. अरबाज कुरैशी ने अब ये आरोप लगाया है कि आरोपी के परिवार के कुछ लोग गवाही देने पर उनके जान के दुश्मन बन गए हैं. चार महिलाएं उन्हें गाली-गलौज करती रहती हैं. जिसके कारण उनकी मानसिक परेशानी बढ़ गई है. पुलिस को अरबाज ने इस संबंध में जानकारी भी दी है. ऐसा उनका कहना है. चारों महिलाओं के नाम भी उन्होंने पुलिस को दिए हैं. ये महिलाएं उनके घर के आगे और पीछे से खड़े होकर ऊंची आवाज में गाली गलौज करती हैं.



उनके और उनके भाई के खिलाफ पुलिस स्टेशन में जाकर झूठी शिकायत भी कर रहे हैं.

अरबाज ने पुलिस विभाग से ये पूछा है कि क्या एक नाबालिग लड़की के बलात्कार केस में गवाही देना गुनाह है. अगर इस तरह से आरोपी के घर वाले उन्हें गाली गलौज करेंगे तो कोई दूसरा व्यक्ति कैसे किसी को न्याय दिलाने के लिए गवाही देने के लिए आगे आएगा.ऽअरबाज को शक है कि आरोपियों ने उनकी जान लेने के लिए लाखों की सुपारी दी है. मेरे और मेरे परिवार को अगर कुछ हो गया तो उसके जिम्मेदार ये लोग होंगे, ऐसा अरबाज ने पुलिस को दिए निवेदन में कहा है.

### 'मुख्यमंत्री योजनादूत' के लिए आवेदन करने का आज आखिरी मौका

**मुंबई.** मुख्यमंत्री योजनादूत योजना के लिए आवेदन करने के लिए शुक्रवार 13 सितंबर आखिरी तारीख है. सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय ने अपील की है कि इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट www.mahayojanadoot.org पर आवेदन करें। मुख्यमंत्री योजनादूत पहल महाराष्ट्र सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।

# उमनपा में टैक्स वसूली का टूटेगा पुराना रिकॉर्ड!

**उल्हासनगर.** 11 सितंबर तक के टैक्स कलेक्शन के आंकड़ों के मुताबिक उल्हासनगर महानगर पालिका का संपत्ति कर विभाग पिछले साल के 110 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को तोड़ देगा.







संपत्ति कर उपायुक्त प्रियंका राजपूत के कार्यकाल में 2023-24 में 110 करोड़ की कर वसूली हुई थी. इस साल तत्कालीन कलेक्टर अजीज शेख ने संपत्ति कर विभाग की कर निर्धारक व संकलक के बद पर नीलम बोडारे की नियुक्ति किए जाने के बाद से टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ रही है.

शेख ने 22 से 27 जुलाई तक ऐसी संपत्तियों पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी योजना की घोषणा की थी, इसलिए अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में कर निर्धारणकर्ता और संकलक नीलम कदम-बोडारे की एक टीम ने कड़ी मेहनत की। एक अप्रैल से 27 जुलाई तक महज पांच दिनों में मनपा के खजाने में 36 करोड़ 61 लाख रुपये जमा हो गये.

गत वर्ष 2023 में 11 सितंबर तक और चालू वर्ष के 11 सितंबर तक वसूली का आंकड़ा आया है. 2023 में 1 अप्रैल से 11 सितंबर तक 44 करोड़ 56 लाख एवं 2024 में 1 अप्रैल से 11 सितंबर तक करीब 53 करोड़ की वसूली हो गई है.

> पुणे में इंफ्रास्ट्रक्चर मैन के रूप में पहचान बनाने वाले विकास ढाकने ने 22 अगस्त को उल्हासनगर मनपा के आयुक्त पद का कार्यभार संभाला और ढाकने के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने पुराने संग्रह रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य रखा है।
>
> **-नीलम कदम-बोडारे**
> कर निर्धारणकर्ता और संकलक

## सौतेले भाई की हत्या करने वाले को 10 साल की सजा

■ उल्हासनगर में जमीन विवाद के चलते हुई थी हत्या



**कल्याण.** जमीन के विवाद में सौतेले भाई को लोहे के रॉड से मारपीट कर उसकी हत्या करने वाले भाई को कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रा. र. अष्टुकर ने 10 साल के कठोर कारावास और 5,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई।

आरोपी का नाम विष्णु राजाराम रामगुडे है. मृतक का नाम तुकाराम रामगुडे है. ये दोनों सौतेले भाई हैं. रामगुडे परिवार उल्हासनगर में रहता है। तुकाराम अंबरनाथ में एक आयुध कारखाने में कार्यरत थे। विष्णु और तुकाराम के बीच जमीन को लेकर विवाद था। जनवरी 2017 में, तुकाराम रामगुडे नाइट शिफ्ट के बाद ऑर्डनेंस फैक्ट्री से घर आए थे। वे घर में बैठे थे. उसी समय विष्णु रामगुड़े तुकाराम के घर के बाहर आये और गाली-गलौज करने लगे. तुकाराम ने घर के बाहर जाकर विष्णु से पूछा कि तुम मुझे क्यों गाली दे रहे हो। उसने हाथ में ली हुई लोहे की रॉड से तुकाराम पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। तुकाराम की पत्नी वंदना ने पुलिस और कोर्ट को दिए अपने बयान में कहा है कि विष्णु ने उनकी जान लेने के इरादे से हमला किया था. इस लड़ाई के दौरान, तुकाराम की पत्नी गिर गई और तुकाराम को विष्णु द्वारा पीटे जाने से बचाया। लोहे की रॉड के घाव से तुकाराम लहूलुहान होकर गिर पड़े। उन्हें मध्यवर्ती अस्पताल, वहां से निजी अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया। कुछ महीने बाद डोंबिवली के एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान तुकाराम की मृत्यु हो गई।

इस संबंध में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने कल्याण कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था. कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और पुख्ता सबूतों के आधार पर विष्णु रामगुड़े को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई. इस मामले में एड. एस. आर. कुलकर्णी, एड. इघारे, आरोपी की तरफ से वकील एड. भोपी ने काम देखा. इस अपराध की जांच पुलिस इंस्पेक्टर एस. पी. आहेर, कांस्टेबल के. पी. घरत ने किया था.

## अंबरनाथ में ग्रामीण जीवन पर गणपति झांकी

■ कोहजगांव इलाके में गणेश व गौरी की स्थापना

■ महिला सशक्तिकरण का संदेश

■ सालुंखे परिवार ने गांव की याद दिलाई



**अंबरनाथ.** घरगुती गणेशोत्सव के अवसर पर अंबरनाथ में सालुंखे परिवार द्वारा बनाया गया दृश्य ग्रामीण महिलाओं के दैनिक जीवन को दर्शाता है। पश्चिम के कोहजगांव इलाके में रहने वाले सूरज सालुंखे ने इस मनोरम दृश्य का निर्माण किया है और इस कलाकृति के माध्यम से ग्रामीण जीवन में महिलाओं के दैनिक जीवन का सटीक चित्रण किया गया है। घरेलू गणेशोत्सव को विभिन्न सजावटी सामग्रियों के साथ गणेश के लिए एक दृश्य कहा जाता है। हालाँकि, सालुंखे परिवार ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी नाल को सुरक्षित रखने के लिए उनके दैनिक जीवन का परिदृश्य तैयार किया है। सालुंखे परिवार में गणराय का आगमन हो चुका है और गौरी की स्थापना भी हो चुकी है. इस मौके पर बनाए गए दृश्य में यह दृश्य उसी तरह बनाया गया है जैसे ग्रामीण इलाकों में महिलाएं पारंपरिक तरीके से घर का काम और खेती का काम करती थीं. इसमें दिखाया गया है कि महिलाएं सुबह उठने के बाद तुलसी वृन्दावन में पानी देना, अनाज चुनना, छाछ मथना, चूल्हे पर खाना पकाना, जानवरों को खाना खिलाना, काम करना जैसे पारंपरिक दैनिक कार्यों से शारीरिक व्यायाम कर लेती थीं। खेत, बैलगाड़ी खींचना, अनाज पीसना। साथ ही इस सीन में महिला खेत में बैलगाड़ी चलाती हुई दिखाई देती है, जैसे महिला संसार का रथ चलाती है. दिलचस्प बात यह है कि इस पूरे सीन में सिर्फ महिलाएं ही शामिल हैं, इसलिए ऐसा लग रहा है कि इस सीन के जरिए महिला सशक्तिकरण का संदेश देने की कोशिश की गई है. सूरज सालुंखे ने कहा कि यह सीन इस बात को उजागर करने के लिए बनाया गया था कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं।

अंबरनाथ नगर परिषद क्षेत्र में 5 दिन के

## 1297 गणेश मूर्ति विसर्जित

■ अंबरनाथ में कुल 16 विसर्जन स्थल

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद ने पांच दिन के गणेश विसर्जन के आंकड़े जारी किए हैं. कुल 1297 गणेश मूर्तियों का विसर्जन हुआ है. क्षेत्र में पांच दिवसीय गणेश मूर्ति का विसर्जन बुधवार को भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ. पर्यावरणभिमुख गणेशोत्सव की संकल्पना से राज्य में आदर्श देने वाली अंबरनाथ नगर परिषद पर्यायी गणेश विसर्जन व्यवस्था अंतर्गत निर्माण किए गए कृत्रिण तालाबों में गणेश मूर्ति विसर्जन को भक्तों का अच्छा प्रतिसाद मिला है. डेढ़ दिवसीय एवं पांच दिवसीय के साथ ही अनंत चतुर्दशी विसर्जन के लिए नगर परिषद के 32 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं. विसर्जन के लिए 8 प्राकृतिक स्थल और 8 कृत्रिम स्थल हैं. शहर में भक्त आसानी के साथ विसर्जन कर रहे हैं. पुलिस भी तैनात हैं. प्राकृतिक 8 विसर्जन स्थानों में 739 और कृत्रिम तालाबों पर 558 गणेश मूर्तियों का विसर्जन पांचवे दिन किया गया है. कुल 1297 गणेश मूर्तियों का विसर्जन बखूबी श्रद्धा-भक्ति के साथ किया गया है. ऐसी जानकारी अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा दी गई है.





## बुवापाड़ा में गणेशोत्सव पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

■ ओम मित्र मंडल और खाटू श्याम मंडल गणेशोत्सव की धूम



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के बुवापाड़ा में श्रद्धा के साथ गणेशोत्सव मनाया जा रहा है. यहां पर ओम साईं मित्र मंडल द्वारा 7 दिनों का गणेशोत्सव एवं खाटू श्याम मंडल द्वारा संघटन चौक पर दस दिवसीय गणेशोत्सव दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है. ओम साई मित्र मंडल, जो हर वर्ष महंत शामलदास चौक पर गणेशोत्सव पर भजन कीर्तन, बच्चों की संगीत कुर्सी, बच्चों का डांस, बिरहा, सत्यनारायण भगवान की पूजा एवं भंडारे का आयोजन करता है. ऐसी जानकारी हमें सुरेंद्र यादव एवं प्रमोद पांडेय ने देते हुए बताया कि गत 23 वर्षों से यहां पर ओम साई मित्र मंडल सार्वजनिक गणेशोत्सव मना रहा है. सातवें दिन विसर्जन किया जाता है. बुवापाड़ा में संघटन चौक पर गत 32 वर्षों से खाटू श्याम मंडल द्वारा गणेशोत्सव में 10 दिनों तक अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. इस मंडल की एक विशेष बात ये है कि यहां पर आखिरी दिन बाबा के मोदक नीलाम किया जाता है. गत वर्ष प्रमोद चौबे के पुत्र ने नीलामी में ये मोदक सवा लाख रुपयों में अपने घर ले गए थे.

खाटू श्याम मंडल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे ने हमें बताया कि 10 दिनों तक भजन-कीर्तन, आरती, बिरहा, भोजपुरी लोक संगीत आदि कार्यक्रमों का आयोजन होता है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में यहां के निवासी भाग लेते हैं. इस मंडल के सचिव रमेश चंद्र यादव, कोषाध्यक्ष सचिदानंद राय हैं.

# 27 गांवों में स्ट्रीट लाइटिंग कार्यों के लिए पुन: निविदा

■ निविदा में गड़बड़ी की आशंका के चलते आयुक्त ने रद्द की पहली निविदा

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका सीमा के 27 गांवों में 26 करोड़ के काम लेने के लिए राजनीतिक समर्थन वाले ठेकेदारों के बीच जमकर होड़ मची. महानगर पालिका द्वारा कुछ कारण बताकर स्थानीय एवं नामी कंपनियों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने इस मामले पर गंभीरता से संज्ञान लिया और बिजली विभाग को दोबारा टेंडर करने का आदेश दिया गया.

महानगर पालिका के बिजली विभाग ने तत्काल दोबारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली। इससे बिजली का काम करने वाले उन ठेकेदारों को टेंडर भरने का मौका मिल गया, जो पहले छूट गए थे। अतः अब से यह कार्य प्रतिस्पर्धी निविदा के माध्यम से कार्य प्राप्त करने वाले ठेकेदारों द्वारा किया जायेगा।



डोंबिवली के पास 27 गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने के काम के लिए दो राजनीतिक दिग्गजों ने सरकारी स्तर पर 26 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर कराई.




चूंकि ये काम विधानसभा चुनाव से पहले होंगे, इसलिए कुछ राजनीतिक दलों ने इसका श्रेय लेने की रणनीति बनाई थी। मनपा अधिकारियों पर दबाव बनाकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कराई गई ताकि चहेते ठेकेदार को यह काम मिल जाए। इस मुकाबले में प्रशासन ने विभिन्न कारण बताकर हजारों करोड़ का काम करने वाली नामी बिजली कंपनियों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया था.

इस बारे में टेंडर प्रतियोगिता से बाहर हुई बड़ी कंपनी के प्रतिनिधि ने कमिश्नर डॉ. इंदुरानी जाखड़ से मुलाकात कर 27 गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगाने की टेंडर प्रक्रिया में चल रहे गड़बड़ी की जानकारी दी। इस मामले में अस्पष्टता नजर आने पर कमिश्नर ने बिजली विभाग को पिछली टेंडर प्रक्रिया रद्द करने का आदेश दिया.

> 27 गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने के काम के लिए दोबारा टेंडर बुलाया गया था. अब इस प्रतिस्पर्धा में नामी कंपनियां होंगी. टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद तुरंत वर्क ऑर्डर जारी कर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-प्रशांत भागवत,**
> कार्यकारी अभियंता,
> विद्युत विभाग

## हिंदूवादी संगठनों द्वारा आंदोलन

**कल्याण.** विचारक ज्ञानेश महाराव की टिप्पणी के खिलाफ महायुति और हिंदुत्व संगठनों के कार्यकर्ताओं ने डोंबिवली में स्वामी समर्थ मठ के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. संभाजी ब्रिगेड के एक कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम और स्वामी समर्थ के बारे में महाराव की आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष शरद पवार और कांग्रेस सांसद शाहू छत्रपति मौजूद थे, लेकिन उन्होंने महाराव के बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जिससे हिंदूवादी संगठनों में गहरा असंतोष है. इस विरोध में महायुति कार्यकर्ताओं ने स्वामी समर्थ मठ के बाहर 'ताल मृदुंग' विरोध प्रदर्शन किया और बिना नाम लिए शरद पवार और शाहू छत्रपति की आलोचना की और उन पर ज्ञानेश महाराव के बयान को मौन स्वीकृति देने का आरोप लगाया। आंदोलनकारियों ने यह भी कहा कि राजनीति करते समय धर्म में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए. गुस्साए कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर ऐसे हस्तक्षेप जारी रहे तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। हिंदुत्व संगठनों का कहना है कि धर्म की आलोचना किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे किसी भी घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया होगी।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मेडिकल सीटों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सरकारी कामकाज हो या फिर व्यावसायिक या निजी काम, निष्पक्षता का पैमाना हर जगह होना चाहिए। अपने प्रभुत्व का अहसास कराने या दुर्भावना से किसी मामले को बेवजह उलझाने की कोशिश किसी भी सूरत में उचित नहीं कही जा सकती। उच्चतम न्यायालय के एक ताजा फैसले ने इस तथ्य को और पुख्ता कर दिया है। शीर्ष अदालत ने एक मेडिकल कालेज में सीट बढ़ाने की मंजूरी से जुड़े मामले में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को कड़ी नसीहत दी है।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि एनएमसी सरकार का एक अंग है और उससे निष्पक्ष और तर्कसंगत तरीके से काम करने की अपेक्षा की जाती है। किसी संस्थान को मंजूरी के लिए एक अदालत से दूसरी अदालत का चक्कर लगवाना सिर्फ परेशान करने का प्रयास है। न्यायालय ने एनएमसी और अन्य याचिकाकर्ताओं पर दस लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

यह बात छिपी नहीं है कि लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी कार्यालयों के कई बार चक्कर काटने पड़ते हैं। अक्सर उन्हें कथित जरूरी औपचारिकताओं में इतना उलझा दिया जाता है कि वे बुरी तरह हताश हो जाते हैं। शीर्ष अदालत पहुंचा मेडिकल कालेज का मामला भी सरकारी संस्थाओं की इसी परिपाटी का उदाहरण है। इस कालेज को 'मेडिकल असेसमेंट ऐंड रेटिंग बोर्ड' की ओर से पहले शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सीट की संख्या बढ़ाने की मंजूरी दी गई और कुछ माह बाद तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए उसे वापस ले लिया गया।

पिछले वर्ष अक्तूबर में उच्चतम न्यायालय ने देश के कुछ चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रशिक्षु चिकित्सकों को देय अनिवार्य भत्ते का भुगतान न करने के मामले में भी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को कड़ी फटकार लगाई थी। उसका कहना था कि प्रशिक्षु चिकित्सक सोलह से बीस घंटे काम कर रहे हैं और उन्हें भत्ते का भुगतान न होने पर आयोग की ओर से अब तक संज्ञान क्यों नहीं लिया गया? मगर, सवाल है कि क्या चुनिंदा मामलों में न्यायपालिका के फैसलों से सरकारी कामकाज में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो पाएगी? जाहिर है कि जब तक शासन के स्तर पर इस मामले में दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव रहेगा, तब तक व्यापक सुधार की उम्मीद धुंधली ही रहेगी।

# देश में दूसरी श्वेत क्रांति के आगाज का आया समय

भारत में श्वेत क्रांति के नेता वर्गीज कुरियन को बहुत याद किया जाता है। उन्होंने 1960-70 के दशक में देश में श्वेत क्रांति को मुकाम पर पहुंचाया था और भारत में दूध की कमी को दूर करने में मदद की थी। दूध और दूध से बने उत्पाद पौष्टिक आहार के लिए बहुत जरूरी हैं, खासकर बच्चों के लिए। निम्न-गुणवत्ता वाले आहार के बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर होते हैं और ये प्रतिकूल प्रभाव उनके वयस्क होने तक रह सकते हैं।

परिवार का आकार भोजन पर खर्च को प्रभावित करता है, विशेष रूप से प्रोटीन युक्त भोजन, जैसे दूध, जो अपेक्षाकृत महंगा है। इसके चलते बड़े परिवारों में पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर प्रति व्यक्ति खर्च घट जाता है। वैसे, भारत में खाद्य पदार्थों पर प्रति व्यक्ति खर्च के मामले में परिवार का आकार कितना मायने रखता है, इस पर बहुत कम शोध हुआ है। यहां हम ग्रामीण व शहरी भारत में दो प्रकार के परिवारों के लिए दूध और दूध के उत्पादों पर होने वाले खर्च पर विचार करते हैं- एक बच्चे वाले तीन सदस्यीय परिवार और दो बच्चों वाले चार सदस्यीय परिवार। ध्यान रहे, हमारे अनुमान भारत के राष्ट्रीय घरेलू उपभोग सर्वेक्षण 2022-23 के आंकड़ों पर आधारित हैं। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण में एक बच्चे वाले तीन सदस्यीय 18,179 परिवार व दो बच्चे वाले चार सदस्यीय 28,650 परिवार हैं।

हमने पाया कि एक बच्चे वाले परिवार ने 2022-23 में दूध पर प्रति व्यक्ति प्रतिमाह औसतन 443 रुपये खर्च किए, जबकि दो बच्चों वाले परिवार ने 376 रुपये खर्च किए। दूध पर औसत खर्च आम तौर पर उच्च



आय वाले परिवारों में ज्यादा होता है, पर एक औसत आय वाले भारतीय परिवार में प्रति व्यक्ति दूध खर्च कम होता है। एक बच्चे वाला सामान्य परिवार दूध पर लगभग 329 रुपये और दो बच्चों वाला परिवार करीब 300 रुपये खर्च करता है। ज्यादातर परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य खाद्य पदार्थों को ज्यादा महत्व देते हैं, ऐसे में, दूध के बजट में कटौती हो जाती है। यहां चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि गरीब परिवारों को पर्याप्त दूध नहीं मिल रहा है। गरीब परिवारों में बच्चों के बीच पोषण की कमी उनके स्वास्थ्य व शिक्षा नतीजों को प्रभावित कर रही है। ऐसे बच्चे, जब बड़े होते हैं, तब उनकी उत्पादकता तुलनात्मक रूप से कम होती है, जिससे देश में सामाजिक असमानता भी बढ़ती है। उत्तर भारत के अपेक्षाकृत गरीब राज्यों में ऐसी बड़ी आबादी है, जो दूध से वंचित है।

अगर हम एक औसत भारतीय घर की बात करें, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के आंकड़ों के अनुसार, 6 महीने से 2 साल की उम्र के बीच के 58 प्रतिशत बच्चों के माता-पिता ने बताया है कि उनके यहां दूध की खपत नहीं है, मतलब उन्हें दूध नहीं मिल रहा है। यहां ध्यान रहे कि बच्चों में अब लैक्टोज असहिष्णुता के मामले भी बहुत हैं। फिर भी यह बात स्पष्ट है कि गरीब परिवारों के बच्चों तक दूध नहीं पहुंच पा रहा है। वैसे तो, कोई भी सरकारी नीति परिवार के आकार के आधार पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती, पर पोषण संबंधी कमियों को दूर करने और बच्चों की सेहत में सुधार के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दूध की खपत बढ़ाने की कोशिश जरूर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड का गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम, विटामिन ए और डी से भरपूर 200 मिलीलीटर सुगंधित दूध प्रदान करता है। तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों ने अपने स्कूल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में दूध को शामिल कर लिया है। यदि हम दूध की कीमतों में वृद्धि को रोक सकें, तो इससे परिवारों को बहुत मदद मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों में देश में दूध उत्पादन लगभग छह प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है और लगातार महंगा होता जा रहा है, जिससे पता चलता है कि मांग आपूर्ति से अधिक है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत के प्रमुख दूध आपूर्तिकर्ताओं ने कीमतों में कई बार बढ़ोतरी की है। दूध की कीमत में ताजा वृद्धि जून महीने में हुई थी। बढ़ती उत्पादन लागत का हवाला दिया गया था। पशु चारा, परिवहन और श्रम इत्यादि की लागत में वृद्धि हुई है। वास्तव में, दूध की कीमतों का बढ़ना गरीब परिवारों के लिए अच्छा संकेत नहीं है। भारत में द्वितीय श्वेत क्रांति का समय आ गया है।





हम किसी अन्य व्यक्ति को हफ्तों, सालों, या शायद पूरे जीवन में भी नहीं बदल सकते, लेकिन हम खुद को तुरंत बदल सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# लोकपाल की नियुक्ति की जगी आस




भ्रष्टाचार पूरी दुनिया के सामने विकास और खुशहाली की राह में बहुत बड़ा रोड़ा है। इसलिए लगभग हर देश ने इस पर अंकुश लगाने का तंत्र विकसित कर रखा है। प्रशासन की जवाबदेही तय करने की कोशिशें की जाती हैं। मगर हमारे यहां इस मामले में ज्यादातर नाकामी ही नजर आती है। इसलिए लंबे समय से मांग की जाती रही कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन संबंधी कानून बनना चाहिए। करीब ग्यारह वर्ष पहले इसे लेकर बड़ा आंदोलन हुआ, जिसके दबाव में लोकपाल अधिनियम पारित हुआ। मगर लोकपाल की नियुक्ति का मामला करीब पांच वर्ष तक इस तर्क के आधार पर टलता रहा कि लोकसभा में कोई विपक्ष का नेता नहीं था। लोकपाल अध्यक्ष की नियुक्ति में विपक्ष के नेता का होना जरूरी है। आखिरकार पांच वर्ष पहले लोकपाल का गठन हआ, मगर अभी तक वह पूरी तरह कार्य करने की स्थिति में नहीं आ सका है। अब लोकपाल के जांच प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में लोकपाल अध्यक्ष के अधीन एक जांच निदेशक होगा, जिसे तीन पुलिस अधीक्षक मदद करेंगे। प्रत्येक पुलिस अधीक्षक को जांच अधिकारी और अन्य कर्मचारियों की सहायता प्रदान की जाएगी। इस तरह उम्मीद बनी है कि अब लोकसेवकों की अनियमितताओं के खिलाफ कुछ कड़े कदम उठाए जा सकेंगे।

हालांकि भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत पहले से कई जांच एजंसियां काम करती हैं। हर महकमे के कर्मचारी पर वहां का सतर्कता विभाग नजर रखता और उसके खिलाफ शिकायतों का निपटारा करता है। केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग भी संबंधित मामलों में जांच करते ही हैं। मगर प्रशासनिक सुधार आयोग का मानना था कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन से लोकसेवकों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई हो सकेगी।

दूसरी जांच एजंसियों पर चूंकि राजनीतिक प्रभाव अधिक देखा गया है, इसलिए उनसे भ्रष्टाचार के मामले में निष्पक्षता की उम्मीद धुंधली बनी रहेगी। पर शायद सरकारों को लोकपाल और लोकायुक्त के गठन से इसीलिए हिचक पैदा होती रही कि उसके दायरे में प्रधानमंत्री तक को रखा गया है। फिर, लोकपाल और लोकायुक्त स्वतंत्र निकाय की तरह काम करेंगे, उन्हें दूसरी एजंसियों की तरह किसी अधिकारी के खिलाफ जांच करने के लिए संबंधित विभाग से अनुमति की जरूरत नहीं होगी। कई सरकारों को लगता रहा है कि इस तरह उनके कामकाज में बाधा पड़ सकती है। शायद यही कारण है कि अब भी कई राज्य सरकारों ने अपने यहां लोकायुक्त का गठन नहीं किया है।

देर से ही सही, लोकपाल के जांच प्रकोष्ठ के गठन से लोगों में भ्रष्टाचार निवारण की दिशा में उल्लेखनीय नतीजों की उम्मीद जगी है। लोकसेवकों में गलत तरीके से पैसा कमाने की भूख और रिश्वत लेकर अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाने, सरकारी योजनाओं में गतिरोध और छीजन पैदा करने की प्रवृत्ति किसी से छिपी नहीं है। इस वातावरण को तभी ठीक किया जा सकता है, जब लोकसेवकों की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सके।

हालांकि कुछ लोग यह संशय व्यक्त करते रहे हैं कि लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति में भी राजनीतिक दखल होती है, इसलिए वे कितने निष्पक्ष रह पाएंगे, कहना मुश्किल है। मगर एक विशाल जनसमुदाय और बड़े प्रतिबद्ध प्रबुद्ध समाज की इच्छा से गठित इस संस्था से भ्रष्टाचार निवारण को लेकर निष्ठा और निष्पक्षता की उम्मीद फिलहाल कमजोर नहीं हुई है।

# भारतीय इन देशों में घूम सकते हैं 'वीज़ा' फ्री

जरा हट के

बहुत से लोगों को दुनिया में नई-नई जगहों पर घूमने-टहलने का शौक होता है. ऐसे लोगों के लिए खुशखबरी ये है उनके पास अगर भारतीय पासपोर्ट है, तो वे आराम से कुछ ऐसे देशों में जा सकते हैं, जहां वीज़ा के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा. विश्व स्तर पर भारत के बढ़ते प्रभाव के कारण कई देश भारतीय यात्रियों का आसानी से स्वागत कर रहे हैं.

विश्व स्तर पर हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में भारत 82वें स्थान पर है. यह पिछले वर्ष से 2 अंक की कमी है. हालाँकि, जनवरी 2024 तक भारतीय पासपोर्ट धारकों द्वारा वीज़ा-मुक्त यात्रा करने वाले देशों की संख्या 57 से बढ़कर 62 हो गई है. ऐसे में ऐलान किया गया है कि भारतीय सैलानी अब बिना वीजा के 10 देशों की यात्रा कर सकते हैं. चलिए जानते हैं इस लिस्ट में ऐसे कौन-कौन से देश हैं, जिन्हें आप अपने बजट फ्रेंडली ट्रैवेल प्लान में शामिल कर सकते हैं.



सबसे पहले मशहूर ट्रैवेल डेस्टिनेशन- थाईलैंड. यहां 30 दिन (11 नवंबर, 2024 तक) के लिए वीज़ा मुफ्त है. यहां आने वाले लोग आश्चर्यजनक समुद्र तटों, संस्कृति और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं.

नेपाल जाने के लिए आपको वीज़ा की आवश्यकता नहीं है. यह माउंट एवरेस्ट से घिरा हुआ देश है, जो एडवेंचरस ट्रिप के लिए जाना जाता है. यहां सांस्कृतिक धरोहर भी कहीं कम नहीं हैं.

मॉरीशस की यात्रा के लिए 90 दिनों के लिए निःशुल्क वीज़ा मिलता है. यहां आप लग्जरी रिसॉर्ट्स में रुक सकते हैं और खूबसूरत समुद्र तटों की सैर कर सकते हैं. इसके साथ ही स्वादिष्ट स्थानीय भोजन का भी आनंद लिया जा सकता है.

अल साल्वाडोर में 180 दिन का बिना शुल्क वीज़ा मिलता है. ऐसे में अपने इतिहास, संस्कृति और खूबसूरत समुद्र तटों के लिए जाना जाने वाला अल साल्वाडोर घूमा जा सकता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के कुल 6 देश हैं, जो कुल 194 देशों में बिना वीज़ा के घूम सकते हैं.

# एकदम हेल्दी हैं तो भी साल में एक बार कराएं ये टेस्ट

लाइफस्टाइल से जुड़ी बढ़ती बीमारियां हर किसी को डरा रही हैं। ऐसे में पहले से सतर्कता बरतना ही समझदारी है। भारत में ज्यादातर लोग ऐसा मानते हैं कि बीमार होने पर ही हेल्थ चेकअप करवाना चाहिए। हालांकि अब सभी डॉक्टर्स सलाह देते हैं कि सभी को साल में एक बार स्क्रीनिंग या प्रिकॉशनरी हेल्थचेकअप जरूर करवाना चाहिए। ऐसा करने से आप कई गंभीर बीमारियों के संकेत पहचानकर उनका समय से इलाज करवा सकते हैं। ट्विटर पर हैदराबाद डॉक्टर के नाम से मशहूर डॉक्टर सुधीर कुमार ने कुछ टेस्ट सजेस्ट किए हैं जो आपको उस कंडीशन में भी करवाने चाहिए जब बीमारी का कोई लक्षण न दिख रहा हो।



- समझदारी बचा सकती है जान
- सलामती के लिए जरूरी हैं ये टेस्ट

आप हेल्थ टेस्ट करवाने से इसलिए बचते हैं कि फिजूल पैसे बर्बाद होंगे या कुछ पता चल गया तो टेंशन होगी तो ये सोच बदलने की जरूरत है। कई बार बीमारियों के लक्षण ऐसी स्टेज पर पता चलते हैं जब हमारे हाथ में कुछ नहीं होता। अगर आप चाहते हैं कि आपकी फैमिली के बुजुर्ग और सभी लोग हेल्दी और लंबी उम्र जिएं तो आप यहां बताए ये टेस्ट साल में एक बार करवाने का नियम बना सकते हैं।

1. क्लीनिकल परीक्षण: दिल की धड़कन, ब्लड प्रेशर, वजन, बॉडी मास इंडेक्स, कमर का नाम, वेस्ट-हिप रेशियो
2. हीमोग्लोबिन
3. फास्टिंग ब्लड शुगर
4. ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन
5. लिपिड प्रोफाइल
6. होमोसिस्टीन
7. विटामिन बी12
8. विटामिन डी
9. लिवर फंक्शन टेस्ट
10. क्रिएटिनिन
11. यूरिक एसिड
12. टीएसएच
13. ईसीजी
14. इकोकार्डियोग्राम
15. हाई सेंसिटिविटी सीआरपी
16. फास्टिंग सीरम इंसुलिन
17. एपोलाइपोप्रोटीन ए1
18. एपोलाइपोप्रोटीन बी
19. ट्रेड मिल टेस्ट
20. सीटी कोरोनरी एंजियोग्राम + कैल्शियम स्कैन (जिनको दिल की बीमारी का रिस्क है उन्हें 10 साल में एक बार करवा लेना चाहिए इसके अलावा चेस्ट एक्स-रे, एब्डोमन अल्ट्रासाउंड, पुरुषों का पीएसए (PSA), महिलाओं को मैमोग्राफी और पैप स्मीयर टेस्ट काम के हैं।

# कब और कैसे खाना चाहिए भीगा हुआ चना?



भीगा हुआ चना भारत में एक लोकप्रिय और पारंपरिक नाश्ता है. खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में इसे काफी पसंद किया जाता है. चने को प्रोटीन, फाइबर और अन्य पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत माना जाता है. यह सुबह के समय युवाओं में काफी पसंद भी किया जाता है.

हालांकि, हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि खाली पेट इसका सेवन करना कुछ स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है. इसे सही तरीके से खाने के नियमों का पालन करना जरूरी है.

### खाली पेट चने खाने से दिक्कत

बीकानेर के आयुर्वेदिक डॉक्टर मुकेश गहलोत के अनुसार, भीगे हुए चने उन लोगों के लिए उपयुक्त हैं जो नियमित रूप से व्यायाम करते हैं. व्यायाम के बाद चना आसानी से पच जाता है. लेकिन जो लोग ज्यादा व्यायाम नहीं करते, उन्हें भीगे हुए चने की मात्रा कम रखनी चाहिए और अंकुरित चने नहीं खाना चाहिए. खाली पेट इसका सेवन वात रोग को बढ़ावा दे सकता है.

एक्सपर्ट्स का कहना है कि भीगे हुए चने खाली पेट खाने से पेट और आंतों में समस्याएं हो सकती हैं. इसमें मौजूद उच्च मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पेट की आंतरिक दीवारों पर दबाव डाल सकते हैं, जिससे गैस, सूजन और एसिडिटी की समस्या उत्पन्न हो सकती है. कई बार इससे पेट में मरोड़ या दर्द भी हो सकता है.

हेल्थ एक्सपर्ट्स का सुझाव है कि भीगा हुआ चना हमेशा नाश्ते या हल्के भोजन के बाद खाना चाहिए. इससे शरीर को पहले ऊर्जा मिलती है और चने के पोषक तत्व आसानी से अवशोषित होते हैं. चने को अकेले खाने के बजाय, इसे फल, गुड़ या दही के साथ मिलाकर खाएं, ताकि इसका पाचन आसान हो और अतिरिक्त पोषक तत्व प्राप्त हों.

विशेषज्ञों के अनुसार, एक दिन में 50-60 ग्राम से अधिक भीगे हुए चने का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं.

### भीगे चने के फायदे

भीगा चना पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे भूख कम लगती है और वजन घटाने में मदद मिलती है. इसमें मौजूद विटामिन और मिनरल्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते हैं, जिससे शरीर अधिक स्वस्थ रहता है.

# उबले अंडे की भुर्जी




अगर आपका बच्चा अंडे बड़े शौक से खाता है तो उसे रोज-रोज एक ही तरह की रेसिपी बोर कर सकती है. आपने आज तक अंडों को उबालकर, अंडों की भुर्जी या करी बनाकर तो कई बार खाया होगा. लेकिन अंडों की यह प्रोटीन रिच रेसिपी उबले अंडे की भुर्जी ना सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी बल्कि बनाने में भी बेहद अलग और आसान है.

### सामग्री-

- 4 -उबले अंडे
- 2 बड़े चम्मच ऑयल
- 1 बड़ा चम्मच मक्खन
- ½ कप कटा हुआ प्याज
- 2 चम्मच बारीक कटी हरी मिर्च
- 1 चम्मच बारीक कटा हुआ अदरक
- 1 चम्मच बारीक कटा हुआ लहसुन
- ½ कप बारीक कटे टमाटर
- 1 चम्मच नमक
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- ¼ चम्मच हल्दी पाउडर
- 2 चम्मच पाव भाजी मसाला
- ½ चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर



- 1 चम्मच नींबू का रस
- 2 बड़े चम्मच कटा हुआ हरा धनिया

### बनाने का तरीका-

उबले अंडे की भुर्जी बनाने के लिए सबसे पहले उबले हुए अंडों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर अलग रख दें. अब एक पैन को हाई फ्लैम पर गर्म करके उसमें तेल और मक्खन डालें. जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें प्याज, हरी मिर्च, अदरक और लहसुन डालकर प्याज को हल्का भूरा होने तक भूनें. इसके बाद इसमें टमाटर और नमक डालकर एक मिनट तक और पकाएं और टमाटर करछी के पिछले भाग से मैश करते रहें. इसके बाद पैन में धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, पाव भाजी मसाला और कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर डालकर लगातार चलाते हुए 40 सेकेंड तक और पकाएं. अब पैन में कटे हुए उबले अंडे डालकर मसाले के साथ अच्छी तरह मिलाएं. अब इस स्टेज पर पैन में नींबू का रस और हरा धनिया डाल दें. आपकी टेस्टी उबले अंडे की भुर्जी बनकर तैयार है.

## आज का राशिफल

**मेष :** अपनी कीमती वस्तुएं आज संभालकर रखें। गृहिणियां सावधानी रखें, घरेलू कामकाज में चोट लग सकती है। सोचे अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्लेश हो सकता है।

**वृषभ :** आज आपका कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घरेलू कार्य समय पर होंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन :** व्यापार में बड़ा धनलाभ होने के योग हैं। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** व्यवसाय-व्यापार लाभदायक रहेगा। पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। माता-पिता को शारीरिक कष्ट के योग हैं। डॉक्टरी सलाह लेने में लापरवाही न करें। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**कन्या :** व्यापार में थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। निवेश में विवेक का प्रयोग करें। धनार्जन होगा। परिवार के छोटे सदस्यों के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। छात्रों की अध्ययन क्षमता बढ़ेगी।

**तुला :** आज अधिक थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक :** आज अप्रत्याशित धनलाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें। शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**धनु :** अपनी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी। तनाव रहेगा। कुसंगति से हानि होगी। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। घर-बाहर कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे। अपनी देनदारी समय पर चुका पाएंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा।

**कुंभ :** व्यापारिक योजना में परिवर्तन हो सकता है। नौकरी में कार्यप्रणाली में सुधार होगा। अचानक लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबारी अनुबंध होंगे। निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी।

**मीन :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बच्चे की लिखावट नहीं सुधर रही?

- रोज 2 मिनट कराएं ये पेन एक्सरसाइज
- 10 दिनों में दिखेगा फर्क
- ट्राई करें एक्सपर्ट ट्रिक



बच्चों की लिखावट सुधारना पेरेंट्स के लिए काफी मुश्किल काम लगता है, खासकर जब बच्चे का ध्यान मोबाइल और टीवी की ओर ज्यादा हो. ऐसे में न तो वे आपकी बातों पर ध्यान देते हैं और ना ही लिखते समय अलर्ट रहते हैं. ऐसे में बच्चे की लिखावट सुधारने के लिए एक आसान तरीका है-पेन एक्सरसाइज. अगर आप रोज 2 मिनट बच्चे को पेन एक्सरसाइज कराएं तो बच्चे की लिखावट में 10 दिनों के अंदर बदलाव नजर आने लगेगा. इन एक्सरसाइज से बच्चों के हाथों की पकड़ मजबूत होगी, लिखने की गति और स्पष्टता में सुधार होगा और इन एक्टिविटीज से बच्चों का ध्यान भी केंद्रित होने लगेगा. आइए जानते हैं तरीका.

-सबसे पहले आप एक कॉपी में सादा पेज लें और उस पर आयताकार बॉक्स बना लें. अब इस बॉक्स के दोनों किनारों की तरफ तिकोन बनाता एक लाइन खींचे. ऊपर वाले तिकोने पर बड़ा गोला बनाते हुए पेन को क्लॉक वाइजलगातार घुमाते हुए अगले कोने तक ले जाएं. इसी तरह नीचे के तिकोन में भी गोलाकार शेप बनाते जाएं.

-अब एक और आयताकार बॉक्स बनाएं और उल्टी दिशा में तिकोन बनाती लाइन खीचें. इसमें तिकोन से एंटी-क्लॉक वाइज गोलाकार लगातार बनाते जाएं और एक तरफ से दूसरी तरफ तक जाएं. अब दूसरे दिशा वाले तिकोन में भी गोलाकार शेप बनाते हुए आगे की छोटी कोन तक लगातार गोला बनाते हुए बढ़ें.

### इसके अलावा ये ट्रिक भी आएंगे काम-

- एक पेज पर डॉट्स बनाएं और बच्चे से उन्हें जोड़ते हुए सीधी लाइन बनवाएं.
- अलग अलग आकार के शेप को पेन से ट्रेस करने के लिए कहें.
- पेन के साथ ऊपर-नीचे रेखाएं खींचने का अभ्यास कराएं.
- लिखे गए अक्षरों और संख्याओं पर पेन से ट्रेस करने के लिए कहें.
- इन पेन एक्सरसाइज से बच्चे की लिखावट सुधारने में मदद मिलेगी और 10 दिनों के भीतर बच्चे की लिखावट में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### भेड़िए की दहशत की बीच सियार ने महिला पर किया हमला, ग्रामीणों ने घेरकर मार डाला

**बाराबंकी.** बाराबंकी जिले के हरख ब्लाक वन रेंज के अंतर्गत काफी दिनों से आतंक मचाने वाले पागल सियार ने चंदौली गांव में एक महिला पर हमला बोल दिया। हाथ पर पंजा लगने से घायल महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगी। जिस पर परिजन और ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने सियार को पकड़ने का प्रयास किया, मगर वह हमलावर हो गया और खेतों में छिपकर लापता हो गया। ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर कांबिंग करने लगे। अचानक सियार को देखकर ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला बोल दिया, जिससे सियार की मौत हो गई। सूचना पाकर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सियार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### डिलीवरी ब्वॉय ने छात्रा को फंसाया, फिर कमरे में बुलाकर कर डाली घिनौनी हरकत

**कानपुर.** कानपुर में एक फूड कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय ने कुछ ऐसा कर डाला जिसे सुनकर सभी दंग रह गए। डिलीवरी ब्वॉय घर-घर खाना पहुंचाने का काम करता था। इसी बीच नीट की तैयारी कर रही छात्रा से उसकी मुलाकात हो गई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। डिलीवरी ब्वॉय ने छात्रा को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। एक दिन डिलीवरी ब्वॉय ने छात्रा को कमरे में बुलाया। यहां पर डिलीवरी ब्वॉय ने छात्रा के साथ घिनौनी हरकत कर डाली। इसके बाद पुलिस ने डिलीवरी ब्वॉय को गिरफ्तार कर लिया।

### कैश वैन लूट में शामिल लुटेरा ठीक एक साल बाद गिरफ्तार, नगदी और एके-47 भी बरामद

**मिर्जापुर.** मिर्जापुर में पिछले साल बेलतर मोहल्ला स्थित एक्सिस बैंक के कैश वैन लूटकांड में शामिल लुटेरा राजीव कुमार साहनी उर्फ मुन्ना ठीक एक साल बाद बुधवार को वैशाली (बिहार) में गिरफ्तार किया गया। उसके पास लूट के 1.93 लाख नगद, एके-47 रायफल, पिस्टल और मोबाइल फोन बरामद हुआ। मामले में फरार तीन लुटेरों की तलाश जारी है। एसपी अभिनंदन ने बताया कि पिछले साल 12 सितंबर को कैश वन लूटकांड के खुलासे के लिए पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। मध्यप्रदेश से महाराष्ट्र तक कई स्थानों पर दबिश दी गई। इसके बाद एसटीएफ को लगाया गया। वाराणसी एसटीएफ के निरीक्षक राघवेंद्र मिश्र और कटरा पुलिस को लूटकांड के आरोपी राजीव कुमार साहनी उर्फ मुन्ना के वैशाली (बिहार) में मौजूद होने की सूचना मिली। टीम ने सोमवार को छापेमारी कर उसे पकड़ लिया।

### मुजफ्फरनगर में भीषण सड़क हादसा, अर्टिगा कार ट्रक में घुसी, 4 व्यापारी दोस्तों की मौत

**मुजफ्फरनगर.** मुजफ्फरनगर में नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर आर्टिका कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। कार की रफ्तार तेज होने के कारण कार ट्रक के नीचे घुस गई, जिससे कार सवार चार व्यापारी दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई ,जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने किसी तरह कर कार को ट्रक के नीचे से निकलवाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं दो घायलों को इलाज के लिए मेरठ रेफर किया गया है। अलीगढ़ जनपद के गांव गोंडा निवासी साथ दोस्त उत्तराखंड के ओली घूमने के लिए अर्टिगा कार से सवार होकर जा रहे थे। गुरुवार सुबह लगभग साढ़े 4 बजे नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर पंचेडा ओवरब्रिज पर उनकी तेज रफ्तार कार आगे चल रही ट्रक में जा घुसी। हादसे में जुगल पुत्र ललित कुमार (28), भोला पुत्र महेंद्र पाल (30),गिरिन पुत्र शिवचरण (42) ,राहुल पुत्र बृजवीर ( 38) निवासीगण गोंडा जनपद अलीगढ़ की मोके पर मौत हो गई।

# 70 साल के बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज

- **कैसे बनवाएं आयुष्मान कार्ड**
- **देखें पूरी डिटेल्स**

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने बुधवार को देश के बुजुर्गों को बड़ी सौगात दे दी। अब आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के नागरिकों को हेल्थ कवरेज मिलेगा। खास बात है कि योजना का लाभ लेने वालों की आय मिलने वाले फायदों पर असर नहीं डालेगी। पीएम मोदी ने अप्रैल में ही इसकी घोषणा की थी।

**■ बुजुर्गों को AB PM-JAY में मिलेंगे ये फायदे**

कैसी भी सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को AB PM-JAY का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए नए कार्ड जारी किए जाएंगे। योजना के तहत पहले से ही कवर किए गए परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा (जिसे उन्हें परिवार के ऐसे अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं)।




**■ आयुष्मान कार्ड के लिए कैसे करें आवेदन**

इस योजना का लाभ उठाने के लिए नागरिकों को PM-JAY के तहत आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन देना होगा। इसे ऑनलाइन पोर्टल, आयुष्मान मित्र एप की मदद से भी किया जा सकता है। हालांकि, आवेदन देने का बाद आपको मंजूरी मिलने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नागरिकों को एक हेल्थ कार्ड मिलेगा। साथ ही मुफ्त इलाज के लिए एक रसीद भी मिलेगी।

**■ क्या प्राइवेट इंश्योरेंस होने पर भी ले सकेंगे फायदा**

PIB यानी प्रेस इंफर्मेशन ब्यूरो ने बताया है कि पहले से ही केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS), आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या AB PM-JAY का विकल्प चुन सकते हैं। यह बताया गया है कि 70 वर्ष और उससे अधिक के नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत हैं, वे AB PM-JAY के तहत लाभ लेने के पात्र होंगे।

**■ कौन से दस्तावेज और क्या प्रक्रिया**

- PM-JAY के तहत आयुष्मान कार्ड हासिल करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए यूजर्स को आधार कार्ड, मूल निवासी प्रमाण पत्र, फोटो आदि दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। पात्रता जांचने के बाद **pmjay.gov.in** वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।
- वेबसाइट पर **ABHA** रजिस्ट्रेशन बटन पर जाएं और आधार कार्ड की जानकारी दर्ज करें।
- आधार को वेरिफाई कराने के लिए मोबाइल नंबर पर मिले **OTP** को दर्ज करें।
- आवेदन स्वीकार किए जाने का इंतजार करें। इसके बाद आप आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। इसका प्रिंट आउट निकालकर अस्पताल में कैशलेस सेवा का लाभ ले सकते हैं।

**शिमला में मुस्लिम समुदाय की पेशकश**

# कोर्ट ऑर्डर दे तो मस्जिद का अवैध हिस्सा तोड़ेंगे

- **तब तक विवादित 3 मंजिल सील करें**



**शिमला.** हिमाचल प्रदेश के शिमला में संजौली मस्जिद विवाद जल्द सुलझ सकता है। मस्जिद कमेटी ने गुरुवार (12 सितंबर) को मस्जिद का अवैध निर्माण तोड़ने की पेशकश की। इसके लिए उन्होंने शिमला नगर निगम कमिश्नर भूपेंद्र अत्री से मुलाकात की।

कमिश्नर ने बताया कि मस्जिद कमेटी ने खुद कहा कि कोर्ट ऑर्डर देगा तो मस्जिद का अवैध हिस्सा तोड़ेंगे। फैसला आने तक मस्जिद की 3 मंजिल को सील कर दिया जाए। कमेटी इसके लिए तैयार है।

संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर पिछले 13 दिनों से विरोध-प्रदर्शन जारी है। पिछले दिनों हुए लाठीचार्ज के विरोध में व्यापार मंडल ने गुरुवार को शहर की सभी दुकानें बंद रखी हैं।

इस दौरान शिमला के व्यापारियों ने शेर-ए-पंजाब से DC ऑफिस तक रोष रैली निकाली और SP को बर्खास्त करने की मांग की।

# चश्मे बिना पढ़ने में मदद करने वाले आईड्रॉप पर रोक

- **DCGI ने कहा- प्रिस्क्रिप्शन के साथ दवा बेचने की दी थी मंजूरी**
- **कंपनी ने गलत प्रचार किया**

**नई दिल्ली.** ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने बुधवार को प्रेस्वू नाम के आई ड्रॉप की मैन्यूफैक्चरिंग और मार्केटिंग लाइसेंस को रद्द कर दिया है। इस आई ड्रॉप को मुंबई स्थित दवा निर्माता कंपनी एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने बनाया था।

कंपनी का दावा था कि यह प्रेसबायोपिया (बढ़ती उम्र के बाद नजदीक की नजर कमजोर हो जाना) से पीड़ित लोगों को फायदा पहुंचाती है। आईड्रॉप को आंखों में डालने के बाद चश्मा लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिना चश्मे के भी आसानी से किताब पढ़ी जा सकती है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने इस आई ड्रॉप को इस शर्त के साथ परमिशन दी थी कि सिर्फ इसे डॉक्टर की सलाह पर ही यूज किया जाए। कंपनी पर आरोप है कि वह इसे बिना प्रिस्क्रिप्शन के खरीदने का प्रचार कर रही थी। यह आईड्रॉप अक्टूबर में मार्केट में आने वाली थी।




**DCGI बोली- दवा का गलत प्रचार किया जा रहा है**

DCGI ने बताया कंपनी इसका प्रचार OTC (ओवर द काउंटर) बताकर किया जा रहा था। OTC दवाइयां वो होती हैं, जिन्हें बिना किसी डॉक्टर प्रिसक्रिप्शन के खरीदा जा सकता है।

**दवा कंपनी बोली- ऑर्डर को कोर्ट में चुनौती देंगे**

दवा कंपनी एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने कहा, उन्होंने प्रचार में किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी नहीं दी है। DCGI ने इस दवा को अप्रूव किया था। हमने 234 पेशेंट पर इसका सफल टेस्ट किया था। जिन पेशेंट ने आई ड्रॉप का इस्तेमाल किया। वह बिना चश्मे के पढ़ सकते थे। हम सस्पेंशन ऑर्डर को कोर्ट में चुनौती देंगे।

# मणिपुर में उपद्रवियों ने स्वास्थ्य केंद्र में आग लगाई



- **इंफाल में तनाव के बीच सन्नाटा**
- **राज्यपाल असम गए**
- **इमा मार्केट में डटे 300 छात्र**

मणिपुर के जिरीबाम जिला स्थित बोरोबेक्रा में उपद्रवियों ने बुधवार रात करीब 12.50 बजे एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगा दी। घटना पुलिस चौकी से महज 150 मीटर दूर हुई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के पीछे कुकी समुदाय के लोगों के शामिल होने की आशंका है। दूसरी तरफ, राजधानी इंफाल में कल पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। इंफाल ईस्ट और वेस्ट में कर्फ्यू जारी है। मैतेई बहुल 5 जिलों में इंटरनेट बंद है। राज्यपाल एल. आचार्य असम चले गए। उनके पास मणिपुर गवर्नर का अतिरिक्त प्रभार है।

इंफाल में 10 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें करीब 100 स्टूडेंट्स घायल हुए थे। इस प्रदर्शन में इंफाल घाटी के 100 से ज्यादा स्कूल-कॉलेजों के बच्चे शामिल थे। CRPF डीआईजी का कहना है कि हालात तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में हैं।

**आम सूचना**

हम अल महदुल इस्लामी सलाफी एज्युकेशन सोसायटी की तरफ से अफझल जलीस अहमद खान (कोषाध्यक्ष) व महमूदुल हसन मफीउल्लाह खान (सचिव) सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, इंदिरा गांधी कालोनी, ब्लॉक ए-7 के सामने, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एओ015082700) उक्त प्रॉपर्टी अन्वरुल्लाह अब्दुलरऊफ खान के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 10.9.2024 सी.नं. 4226/2024 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
अल महदुल इस्लामी सलाफी एज्युकेशन सोसायटी की तरफ से
**अफझल जलीस अहमद खान** (कोषाध्यक्ष)
व **महमूदुल हसन मफीउल्लाह खान** (सचिव)

**आम सूचना**

हम श्रीमती अनिता राजलदास हास्साणी और अन्य दो जन सभी को सूचित कर रहे हैं कि बैरक नं. 110, हास्साणी मैंशन, पुलिस क्वाटर्स के सामने, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 06एओ014558600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजलदास रहंदोमल हास्साणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 1.1.2024 सी.नं. 02/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अनिता राजलदास हास्साणी और अन्य दो जन**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती मुरली परसराम कुंदनाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 145/8, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एआय014397500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ज्योती जेठा कुकेजा अल्यास लक्ष्मी परसराम कुंदनाणी और अन्य दो जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 10.9.2024 सी.नं. 525/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मुरली परसराम कुंदनाणी**

# CPI (M) महासचिव सीताराम येचुरी का निधन

- **सांस की नली में इंफेक्शन था;**
- **25 दिन से दिल्ली AIIMS में भर्ती थे**

**नई दिल्ली.** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। तेज बुखार आने के बाद उन्हें 19 अगस्त को AIIMS दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 25 दिन से उनका इलाज चल रहा था।

CPI(M) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 'कॉमरेड सीताराम येचुरी को सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ था। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी।'

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक तेज बुखार आने के बाद उन्हें 19 अगस्त को AIIMS में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उन्हें ICU में एडमिट किया गया था। येचुरी ने हाल ही में मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी कराया था।

**■ AIIMS में रहते बुद्धदेव भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि दी थी**

येचुरी ने AIIMS में भर्ती रहते हुए 22 अगस्त को पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने 6 मिनट 15 सेकेंड के वीडियो संदेश में कहा था, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे AIIMS से ही बुद्धो दा के प्रति भावनाएं प्रकट करना और लाल सलाम कहना पड़ रहा है।'



येचुरी ने 23 अगस्त को सोशल मीडिया एक्स पर जम्मू-कश्मीर में सीपीएम, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर पोस्ट किया था। 29 अगस्त को उन्होंने एक्स पर अब्दुल गफूर नूरानी के निधन पर शोक संदेश पोस्ट किया था।

**1975 में CPM जॉइन की**

येचुरी 1974 में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) में शामिल हुए। एक साल बाद वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) में शामिल हो गए। इमरजेंसी के बाद, उन्हें एक साल (1977-78) के दौरान तीन बार JNU छात्र संघ का अध्यक्ष चुना गया। वह SFI के पहले अध्यक्ष थे जो केरल या बंगाल से नहीं थे।

येचुरी 1984 में CPI(M) की केंद्रीय समिति के लिए चुने गए। उन्होंने 1986 में SFI छोड़ दी। इसके बाद वे 1992 में चौदहवीं कांग्रेस में पोलित ब्यूरो के लिए चुने गए। येचुरी जुलाई 2005 में पश्चिम बंगाल से राज्यसभा के लिए चुने गए।

# हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की लगातार चौथी जीत



- **कोरिया को 3-1 से हराया**
- **हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल किए**

भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम ने गुरुवार को चीन के हुलुनबुइर में खेले गए मैच में साउथ कोरिया को 3-1 से हराया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। टीम ने पहले मैच में चीन, दूसरे में जापान और तीसरे में मलेशिया को हराया था। भारतीय टीम अगला मैच 14 सितंबर को राइवल पकिस्तान के खिलाफ खेलेगी।

**हुंदल ने मुकाबले का पहला गोल किया**

मुकाबले का पहला गोल पहले क्वार्टर में हुआ। भारत के लिए अरायजीत सिंह हुंदल ने 8वें मिनट में गोल किया। उसके बाद 9वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। कोरिया के यांग जिहुन ने 30वें मिनट में गोल कर बढ़त को कम कर दिया। 43वें मिनट में फिर हरमन ने गोल किया और स्कोर 3-1 कर दिया। यहीं स्कोर निर्णायक रहा।

**पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर भारत**

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पॉइंट्स टेबल पर भारत पहले नंबर पर है। उसके 4 मैच में 4 जीत के साथ 12 पॉइंट्स है। दूसरे नंबर पर पाकिस्तान है। उसके 3 मैच में 1 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 5 पॉइंट्स है।

**14 सितंबर को पकिस्तान के खिलाफ खेलेगी भारतीय टीम**

भारतीय टीम अगला मैच 14 सितंबर को राइवल पकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

### इंदौर में आर्मी अफसरों से मारपीट, दोस्त से गैंगरेप

**इंदौर.** मध्य प्रदेश के इंदौर में सेना के 2 ट्रेनी अफसरों और उनकी दोस्त से मारपीट करने, बंधक बनाने और गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना 10 सितंबर रात करीब ढाई बजे की है, जब अफसर इंदौर के जामगेट घूमने गए थे। पुलिस ने कहा कि सभी 6 आरोपियों की पहचान हो चुकी है और 2 को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने अफसरों से 10 लाख रुपए भी मांगे। अफसर की दोस्त को दूर झाड़ियों में ले गए। पीड़ित अफसर ने गैंगरेप की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने गैंगरेप, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर लिया है।

**J&K चुनाव से 6 दिन पहले 3 आतंकी ठिकाने मिले**

# पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर रह रहे थे टेररिस्ट

- **10 छोटे रॉकेट, 20 ग्रेनेड बरामद**



**नई दिल्ली.** सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा, कुलगाम और पुलवामा जिले में गुरुवार,12 सितंबर को आतंकियों के 3 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम, पुलवामा में सिर्फ ठिकाने का पता चला।

कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर बनाया था। जड़ में 5 से 6 फीट जगह मिली। यहां से AK-47 के 100 से ज्यादा कारतूस, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट मिले।

**■ इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी जानकारी**

इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। सेना को यह खुफिया जानकारी जम्मू-कश्मीर में तैनात एक इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा।

# डिबेट के 12 घंटे बाद फिर मिले कमला-ट्रम्प

- **9/11 हमले की बरसी पर पहुंचे थे**
- **डिबेट को 6.7 करोड़ लोगों ने लाइव देखा**

**वाशिंगटन.** अमेरिका में प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद भारतवंशी कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर हाथ मिलाया है। आतंकी हमले 9/11 के 23 साल पूरे होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, उप-राष्ट्रपति कमला और पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प समेत कई बड़े मंत्री और नेता ग्राउंड जीरो यानी हमले की लोकेशन पर पहुंचे।



यहां उन्होंने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ट्रम्प और हैरिस की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं के हैंडशेक का वीडियो वायरल हो रहा है। इससे करीब 12 घंटे पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट की शुरुआत में कमला ने ट्रम्प के पोडियम तक जाकर उनसे हाथ मिलाया था।

कमला और ट्रम्प के बीच बुधवार (11 सितंबर) को हुई प्रेसिडेंशियल डिबेट को 6 करोड़ 70 लाख से ज्यादा लोगों ने टीवी पर लाइव देखा। मार्केटिंग रिसर्च कंपनी नील्सन के आंकड़ों के मुताबिक, यह बाइडेन और ट्रम्प के बीच हुई पिछली (पहली) डिबेट से 31% ज्यादा है।

**डिबेट देखने वाले 4 करोड़ लोग 55 से ज्यादा उम्र के**

नील्सन के आंकड़ों में वे लोग शामिल नहीं हैं, जिन्होंने इस डिबेट को सोशल मीडिया या अलग-अलग स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर देखा। जून में बाइडेन-ट्रम्प के बीच हुई इस चुनाव की पहली डिबेट हुई थी। इसकी तुलना में 18-54 साल के 50% ज्यादा लोग दूसरी डिबेट से जुड़े। वहीं, कमला-ट्रम्प की डिबेट देखने वालों में सबसे ज्यादा 4 करोड़ लोग 55 साल की उम्र से ज्यादा वाले थे। डिबेट होस्ट करने वाले **ABC** न्यूज पर सबसे ज्यादा 1 करोड़ 90 लाख लोगों ने इसे लाइव देखा। वहीं, दूसरे नंबर पर फॉक्स न्यूज रहा, जहां 90 लाख से ज्यादा लोगों ने डिबेट देखी।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Room NO. 8, area adm. 32 Sq. Yards and Room NO. 9 area adm. 32 Sq. Yards of Brk. No. 1537 Ulhasnagar-4, Dist. Thane, area adm. 24 x 48 Sq. Ft., (having C.D. area 64 Sq. Yards) duly fitted with electric connection (as it is where it is basis) from Haresh Nandlal Meharchandani,

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

**Ramesh T. Ramrakhiyani**
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. VenusTalkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400 /9422667400

# सीट शेयरिंग पर महायुति में बन गई बात?

## भाजपा 140 से 150, शिवसेना 80 और एनसीपी (अजीत पवार) 55 सीटों पर लड़ सकती है चुनाव

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल एक्टिव मोड में हैं. सूत्रों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और एनसीपी के महायुति गठबंधन में सीट शेयरिंग पर बात बन गई है. सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से भारतीय जनता पार्टी 140 से 150 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकती है. एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 80 सीटों पर और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है. रिपोर्ट्स की मानें तो महायुति गठबंधन में छोटे सहयोगियों के लिए तीन सीटों का कोटा रखा गया है.

### ■ महाविकास अघाड़ी से है कड़ा मुकाबला

भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और एनसीपी के महायुति गठबंधन का मुकाबला कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के गठबंधन महाविकास अघाड़ी से है. लोकसभा चुनाव 2024 में महाविकास अघाड़ी के शानदार प्रदर्शन ने जाहिर तौर पर महायुति गठबंधन की नींद उड़ा दी है. लोकसभा चुनाव 2024 में महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने राज्य की 48 सीटों में से 30 पर जीत का परचम लहराया था. जाहिर तौर पर महाविकास अघाड़ी की नजरें इस विधानसभा चुनाव में इसी शानदार प्रदर्शन को दोहराने पर होंगी.



### सर्वे में किस बात का हुआ खुलासा?

महाविकास अघाड़ी में शामिल राजनीतिक दलों के को कितनी सीटें मिलेंगी, इस बात का अभी पता नहीं चल सका है. हालांकि, माना जा रहा है कि गठबंधन में भी बैठकों और मंथन का दौर जारी है. बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नवंबर महीने में कराए जा सकते हैं. इस कड़ी में महाराष्ट्र की नब्ज टटोलने के लिए हाल ही में एक सर्वे किया गया जिसके मुताबिक, महाविकास अघाड़ी को 141 से 154 सीटें मिलने की बात सामने आई है. वहीं सर्वे में महायुति को 115 से 128 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया.

## संक्षेप...

### कबूतरों को दाना डालने पर व्यक्ति की पिटाई

**ठाणे.** शहर मानपाडा क्षेत्र के शिवाजी नगर में कबूतरों को दाना डालने को लेकर हुए विवाद के बाद चार लोगों ने एक व्यक्ति को जमकर पीट दिया. इस संदर्भ में कापूरबावड़ी थाने में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. शिकायत के मुताबिक शिवाजी नगर के एक मैदान पर एक व्यक्ति कबूतरों के लिए दाना डाल रहा था, तभी चार लोग आये और उससे उलझ गए. बहस झगड़े में बदल गई और आरोपियों ने लाठी-डंडे से व्यक्ति के सिर पर प्रहार किया तथा उसकी पिटाई भी की.

# पानी बिल बकायेदारों पर मनपा की सख्त कार्रवाई

■ 6 मोटर पंप जब्त

■ 11 अवैध नल कनेक्शन खंडित



**ठाणे.** मनपा पानी विभाग के बिल नही भरने वाले बकाया धारकों पर कड़क कार्रवाई शुरू कर दिया है। इस मुहिम में मनपा शील-दिवा विभाग ने 6 मोटर पंप जप्त कर 11अवैध नल कनेक्शन को किया खंडित।पानी के बिल जमा कर मनपा का सहयोग करने के लिए आवाहन किया है।पानी का बिल भुगतान नहीं करने वाले नल कनेक्शन धारकों के कनेक्शन को खंडित करने की कार्रवाई चल रही है।मनपा अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी ने इस विषय पर स्पष्ट निर्देश दिया है।पानी के बिल की बकाया राशि की वसूली करने के लिए सभी प्रभाग के नल कनेक्शन को खंडित मोटर पंप जप्त कर मीटर रूम को सील कर दिया।साथ ही बकाया राशि का भुगतान नहीं कर दुबारा नल कनेक्शन जोड़ने वाले लोगों पर मामला दर्ज करवाने के लिए उपनगर अभियंता (पानीपुरवठा) विनोद पवार ने दी।

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत घरेलु कनेक्शन धारकों के बिल की बकाया राशि व चालू बिल भरने वाले लोगों को प्रशासनिक तौर पर सौ प्रतिशत की छूट मनपा आयुक्त सौरभ राव ने परमिशन दिया है।इस योजना का लाभ लेने के लिए मनपा ने नागरिकों से आवाहन किया है।यह योजना 1 सितंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा।

# प्रधानाचार्य जियाउर्रहमान अंसारी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड




**भिवंडी.** आर्ट्स क्रिएटिव थिएटर (एक्ट भिवंडी) और इरफान बर्डी तौसीफ़ी कमेटी द्वारा जी. एम. मोमिन. वीमेन्ज़ कॉलेज ऑडिटोरियम में एक शानदार सत्कार समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि पूर्व महापौर विलास आर. पाटिल के हाथों प्रधानाचार्य जियाउर्रहमान अंसारी को शैक्षिक कार्यों की खातिर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. समारोह में एसएससी./एचएससी बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स छात्रों को पुरस्कृत किया. मुख्य अतिथि विलास आर.पाटिल ने अपने उद्बोधन में एक्ट भिवंडी संस्था और अध्यक्ष इरफ़ान बर्डी द्वारा की जा रही सामाजिक, शैक्षणिक सेवाओं को सराहना की.

उक्त मौके पर रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज चैयरमेन इंजीनियर यासर तातली उप प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक मुख्यअध्यापक मुख्लिस मदू,सुपरवायज़र्स असरार पठान, सिब्तैन काशेलकर, वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर अब्दुल अजीज अंसारी और पूरे स्टाफ सदस्यों ने जियाउर रहमान अंसारी सर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी.समारोह मे विशेष अतिथि के रूप में आइडिया मुंबई के अध्यक्ष मुजीब खान, एक्ट भिवंडी संस्था अध्यक्ष इरफान बर्डी, प्रिंसिपल साजिद सिद्दीकी, मुहम्मद रफी अंसारी,एम मुबीन सर आदि उपस्थित थे.

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अध्यापक, गणमान्य हस्तियां और विद्यार्थी मौजूद थे.

## भिवंडी में 5 दिवसीय गणपति मूर्तियों का विसर्जन

**भिवंडी.** भिवंडी शहर एवम ग्रामीण भाग में 5 दिवसीय गणेश मूर्तियों का भिवंडी मनपा क्षेत्र के विभिन्न विसर्जन घाटों पर विसर्जन भक्तों द्वारा शांतिपूर्वक, उत्साह से किया गया. धूमधाम और बेहद उल्लास से गाजे बाजे के साथ भक्त गण दुखी मन से अपनी 5 दिन की गणेश मूर्तियों का शांतिपूर्वक श्रद्धा के साथ विसर्जन किया.भिवंडी मनपा द्वारा शहर के वराला देवी तालाब के 3 घाटों सहित कामवारी नदी, भादवड, चाविंद्रा, पोगांव, नारपोली क्षेत्र स्थित तालाबों के घाटों पर भक्तों की सुरक्षा के लिए विसर्जन के दौरान जीवन रक्षक दल,स्वास्थ्य दल, स्वच्छता दल को तैनात किया था. भिवंडी पुलिस उपायुक्त डा.श्रीकांत प्रोपकारी के निर्देश पर पुलिस विभाग ने सभी विसर्जन घाटों पर सुरक्षा की खातिर समुचित पुलिस बंदोबस्त तैनात किया था. सभी जगहों पर गणेश विसर्जन भक्तों के जयकारे के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ.कामवारी नदी पर लोकमान्य तिलक घाट, गणेश घाट शेलार और वराला देवी तालाब क्षेत्र के 3 घाटों पर और भादवड़ घाट पर गणेश मूर्तियों का बड़ी संख्या में कुशलता पूर्वक विसर्जन पूरा हुआ.

## सूचना

उत्तर भारतीय बुद्ध विहार सेवा मंडल, उल्हासनगर P.T. R.NO. F-707 / थाणे के सभी पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि संस्था का वार्षिक सर्व साधारण सभा (A.G.M) दिनांक 30/09/2024, दिन रविवार, समय सायंकाल 5.00 बजे स्थान संस्था का कार्यालय E.M.T. CO. सी. ब्लॉक रोड, शहद फाटक, उल्हासनगर-1 में रखी गई है, जिसमें चुनाव एवम अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**विषय :-**

1. पिछली मिटिंग का वृतांत पढ़कर सुनना एवं उसकी मंजूरी लेना
2. पिछले साल का वार्षिक जमा-खर्च पर चर्चा
3. कार्यकारिणी का गठन सन 2024 से सन 2027 तक का चुनाव
4. संस्था के आडिट के संदर्भ में
5. विद्यालय भवन निर्माण के संदर्भ में
6. अन्य कोई विषय अध्यक्ष के आदेशानुसार

सही/-

सचिव
**अरुण भु. जैसवार**
(उ.भा. बुध्द विहार सेवा मंडल)

# एसएसटी महाविद्यालय में 'एकाक्षरा' गणेशोत्सव

■ पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायी संदेश





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-4 स्थित एसएसटी महाविद्यालय ने इस वर्ष भी बडे उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए पाँच दिवसीय पर्यावरण-अनुकूल 'एकाक्षरा' गणेशोत्सव का आयोजन किया। शाडू मिट्टी से बनी गणेश मूर्ति की स्थापना और सीड मोदक का प्रसाद में वितरण करके महाविद्यालय ने 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' का पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया। इस अवसर पर 1000 से अधिक सीड मोदक वितरित किए गए, जिन्हें महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट और ग्रीन क्लब के छात्रों ने तैयार किया था।

महिला सशक्तिकरण पर आधारित झांकी छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिससे समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। पारंपरिक परिधानों में छात्रों और शिक्षकों ने गणेशोत्सव में नृत्य, भजन और कीर्तन के माध्यम से भक्ति में डूबकर भाग लिया। विशेष रूप से, अनाथालय के बच्चे और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य भी इस उत्सव में शामिल हुए, जिससे समावेशिता का आदर्श प्रस्तुत हुआ। महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में 'संजीवनी' सांस्कृतिक समिति के प्रमुख डॉ. तुषार वाकसे ने सभी शिक्षकों, एनएसएस यूनिट, डीएलएलई यूनिट, स्टूडेंट मैनेजमेंट काउंसिल और सांस्कृतिक समिति के स्वयंसेवी छात्रों के सहयोग से इस उत्सव का सफल आयोजन किया।

## जुए के अड्डों पर पुलिस की छापेमारी

**भिवंडी.** भिवंडी शहर के दो मशहूर मटका और जुआ अड्डों पर पुलिस ने छापेमारी की कारवाई की है. तिरुपति हॉस्पिटल के सामने कनेरी की एक गली में दिलीप कुमार और सियाराम जुआ का अड्डा चला रहे है. भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है. दूसरी घटना में भावे कंपाउंड स्थित लासी साइकिल मार्ट की पिछली गली में साबिर कादिर खान, रमेश पप्पूस्वामी मुदियार को जुआ खेलाते हुए पाया गया.

# चित्रकला स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के 3,500 विद्यार्थी हुए शामिल

**भिवंडी.** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेशोत्सव अवधि के दौरान, धामनकर नाका मित्र मंडल और स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा आयोजित भारतरत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर-स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में भिवंडी शहर के करीब 100 स्कूलों के 3500 छात्रों ने शामिल होकर सफलतापूर्वक अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया.

अंजुरफाटा क्षेत्र के हलारी ओसवाल हाल,भिवंडी में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए 4 समूहों में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी. स्वाभिमान सेवा संस्था अध्यक्ष हसमुख पटेल के नेतृत्व एवम संस्थापक अध्यक्ष संतोष शेट्टी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर चित्र बनाये. गणेशोत्सव मंडप में उद्योगपति चंद्रकांत भोईर, संस्था अध्यक्ष संतोष शेट्टी के कर कमलों से प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रत्येक समूह के दस विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर
### शहर अभियंता कार्यालय, सार्वजनिक बांधकाम विभाग

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरातील रिक्त नमुद 01 कामासाठी निविदा पध्दतीनुसार, महानगरपालिकेच्या नियम व नियमानुसार दिनांक 13/09/2024 रोजी दररोज निविदा मागविण्यात येत आहे.

सदर निविदा प्रणालीसंबंधी इतर आवश्यक माहिती www.umc.gov.in किंवा इतर संदर्भ साईटवर प्रकाशित करण्यात आली आहे.

| अ.क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नाव | रक्कम | टक्केवारी | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उमपा/सावांवि/नोटिस/2024-25/1/1 | उल्हासनगर-१ मधील अजमेरा चार्जींग स्टेशन येथे शेड बनविणे. | 1000000 | 1% | 3 महिने | VI TH |

सदर निविदा प्रणालीसंबंधी इतर आवश्यक माहिती www.umc.gov.in किंवा इतर संदर्भ साईटवर प्रकाशित करण्यात आली आहे.

जा.क्र./उमपा/पिआरओ/349/2024
दिनांकः 12/09/2028

सही/-
**कार्यकारी अभियंता (साबांवि)**
उल्हासनगर महानगरपालिका

## PUBLIC NOTICE

I HAVE CHANGED MY OLD NAME **SIDHWA DURGADEVI BHAGWANDAS / DURGA BHAGWANDAS** TO **JAISINGHANI BHARTI RAMCHAND** AS PER DOCUMENTS. NOW I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **JAISINGHANI BHARTI RAMCHAND.**

**ADD :** ROOM NO.11,12, BK NO.948, SECTION - 22, NEAR KANWARRAM STATUE, ULHASNAGAR - 421003 THANE, MAHARASHTRA, INDIA.

# पिता की मौत के बाद मलाइका की पहली पोस्ट



■ फैंस और फॉलोअर्स से की यह अपील

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने पिता की मौत के बाद पहली सोशल मीडिया पोस्ट की है। एक्ट्रेस ने अपने पिता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पोस्ट पर अदिति राव हैदरी, करिश्मा तन्ना, औरी, दिया मिर्जा और अदिति राव हैदरी समेत ढेरों सेलेब्रिटीज और फैंस ने कमेंट करके एक्ट्रेस के पिता को श्रद्धांजलि दी है। मलाइका अरोड़ा के पिता ने बुधवार सुबह छत के छलांग लगाकर अपनी जान दे दी थी। अरबाज खान और अर्जुन कपूर समेत तमाम बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने एक्ट्रेस के घर पहुंचकर इस दुख भरे वक्त में उन्हें हिम्मत दी।

पिता की मौत के बाद एक्ट्रेस की पहली सोशल मीडिया पोस्ट की बात करें तो मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "हमें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे प्यारे पिता अनिल मेहता अब इस दुनिया में नहीं रहे। वह एक बहुत नेकदिल इंसान थे, एक समर्पित दादा, बहुत प्यार करने वाले पति, और हमारे बेस्ट फ्रेंड। इस क्षति की वजह से हमारा परिवार शॉक में है, हम मीडिया और अपने शुभचिंतकों से अपील करते हैं कि हमें प्राइवेसी दें। हमें समझने और हमारी भावनाओं की कद्र करने के लिए हम आपका आभार प्रकट करते हैं। आपका आभार।"

इसके बाद नीचे मलाइका अरोड़ा ने अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम लिखा है- जॉयस, मलाइका, अमृता, शकील अरहान अजान, रयान, कैस्पर, डफी और बडी। मलाइका अरोड़ा ने अपने पिता की तस्वीर के साथ उनके जन्म और मृत्यु की तारीख भी पोस्ट में लिखी है। ₹अनिल कुलदीप मेहता 22.02.1962 - 11.09.2024₹ यह पोस्ट कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और कमेंट सेक्शन में लोग उनके पिता को श्रद्धांजलि दे रहे हैं और परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।













यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099